दैनिक न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, सोमवार 12 दिसंबर 2022

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

# संसद में संवाद नहीं?

मौजूदा सरकार की सोच संभवत: यह है कि संसद बहस या संवाद का मंच नहीं है। बल्कि यह विधायी कार्य के लिए है, जिसे जितनी जल्द संभव हो, निपटा लिया जाए।

संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले ही विपक्ष का असंतोष सामने आया। कांग्रेस ने शिकायत की कि इस सत्र की अवधि इतनी छोटी रखी गई है कि उसमें देश के सामने मौजूद जरूरी मुद्दों पर चर्चा का समय नहीं मिलेगा। छोटे से सत्र में पारित कराने के लिए 25 विधेयक सूचीबद्ध किए गए हैं। इनमें दो ऐसे हैं, जिन्हें वित्त विधेयक की श्रेणी में रखा गया है। इन सभी विधेयकों पर चर्चा के लिए कुल 56 घंटे रखे गए हैं। यानी हर बिल के लिए सवा दो घंटों से भी कम! और फिर दूसरे सवाल हैं, जिन पर विपक्ष चर्चा चाहता है। लेकिन सरकार की सोच संभवत: यह है कि संसद बहस या संवाद का मंच नहीं है। बल्कि यह विधायी कार्य के लिए है, जिसे जितनी जल्द संभव हो, निपटा लिया जाए। जब दलगत अनुशासन की ऐसी संस्कृति बन गई है कि पार्टियों के अंदर मतभेद की गुंजाइश नहीं बची है, तब विधायी कार्य को लेकर किसी के मन में क्या संशय हो सकता है? अगर पार्टी और सरकार के नेतृत्व ने कोई कानून बनाना सोच लिया और उस पार्टी का संसद में भारी बहुमत है, तो बिल का पारित होना तय है। इस रूप में संसद की भूमिका पर अवश्य ही बहस खड़ी होगी। कभी संसद के सत्र का आम जन के एक बड़े हिस्से को इसलिए इंतजार रहता था कि उसे वहां जन मानस को परेशान कर रहे मुद्दों पर सार्थक चर्चा और उसके आधार पर राजनीतिक आम सहमति उभरने की उम्मीद रहती थी। ऐसी ही उम्मीदों के कारण लोकतंत्र को विमर्श से चलने वाला शासन समझा जाता है। और इसीलिए जब विमर्श और आम सहमति की संभावनाएं खत्म होती दिखती हैं, तो देश के लिए भविष्य के लिए चिंता पैदा होती है। आखिर जन मानस की भावनाएं की जन प्रतिनिधियों के माध्यम से व्यक्त नहीं होंगी, तो मन का गुबार दूसरे माध्यमों से निकलेगा। फिर संसद का विमर्श सरकार की जवाबदेही तय करने के लिए भी अनिवार्य समझा जाता है। अगर जवाबदेही ना हो, तो फिर लोकतंत्र का कोई अर्थ ही नहीं बचता। बेहतर होगा कि वर्तमान सरकार इन बारीक बातों पर ध्यान दे।

# बांग्लादेश चारों खाने चित, टीम इंडिया ने जीता तीसरा वनडे



**चटगांव।** इंडिया टीम ने तीसरे वनडे में बांग्लादेश को 227 रन से हरा दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम क्लीन स्वीप होने से बच गई। यह वनडे क्रिकेट में रन के लिहाज से भारत की बांग्लादेश के ऊपर अब तक की सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 200 रन का था। भारत ने 2003 में ढाका में बांग्लादेश को इस अंतर से हराया था।

चटगांव में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। भारत ने ईशान किशन (210) की डबल सेंचुरी और विराट कोहली (113) के 44वें वनडे शतक की मदद से 50 ओवर में 8 विकेट पर 409 रन बनाए। ईशान ने वनडे क्रिकेट में सबसे तेज डबल सेंचुरी बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 126 गेंद पर ही दोहरा शतक जमा दिया था। जवाब में बांग्लादेश की टीम 34 ओवर में 182 रन के स्कोर पर सिमट गई। शाकिब अल हसन ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। भारत के लिए शार्दूल ठाकुर ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। यानी बांग्लादेश ईशान किशन जितने रन भी नहीं बना पाया।

ईशान के अलावा पूर्व कप्तान विराट कोहली ने वनडे करियर का 44वां वनडे शतक जमाया है। कोहली ने 1214 दिनों के बाद इस फॉर्मेट में शतक जमाया है। उन्होंने अपना आखिरी शतक 14 अगस्त, 2019 को पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ जमाया था। उसके बाद से वे 25 पारियों तक शतक नहीं जमा सके थे।

ईशान और विराट की पारियों के दम पर भारत ने वनडे छठी बार 400+ स्कोर बनाया है। भारत के अन्य बल्लेबाजों में वाशिंगटन सुंदर ने 37 और अक्षर पटेल ने 20 रन की पारी खेली। शिखर धवन और श्रेयस अय्यर 3-3 रन बनाकर आउट हुए। इस मैच में कप्तानी कर रहे केएल राहुल 8 रन ही बना सके।

**किशन-कोहली के बीच 290 की पार्टनरशिप-** 15 रन पर शिखर धवन के आउट होने के बाद ईशान किशन और विराट कोहली ने पारी संभाली। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 290 रन की साझेदारी हुई।

**ये थे जो आज मैच में खेले खिलाड़ी**

**भारत :** केएल राहुल (कप्तान), ईशान किशन, शिखर धवन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, शार्दूल ठाकुर, मोहम्मद सिराज और उमरान मलिक।

**बांग्लादेश :** लिटन दास (कप्तान), अनामुल हक, शाकिब अल हसन, मुशफिकुर रहीम, यासिर अली, महमूदुल्लाह, आफिफ हुसैन, मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान और इबादत हुसैन।

# पहले टी20 में आस्ट्रेलिया ने भारत को नौ विकेट से हराया



**मुबंई ।** ताहिला मैकग्राथ (40) और बेथ मूनी (89) के बीच शतकीय साझेदारी की मदद से आस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में भारत के खिलाफ नौ विकेट से आसान जीत दर्ज की।

डा डीवाई पाटिल स्पोर्टस अकादमी मैदान पर भारत ने पहले खेलते हुये निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 172 रन बनाये जिसके जवाब में आस्ट्रेलिया ने विजय लक्ष्य 18.1 ओवर में हासिल कर लिया। भारत के साधारण गेंदबाजी आक्रमण ने आस्ट्रेलिया की बल्लेबाजों को तनिक भी परेशान नहीं किया। मूनी ने अपनी अर्धशतकीय पारी में 156 के स्ट्राइक रेट से 16 चौके लगाये जबकि दूसरे छोर पर मैकग्राथ ने 29 गेंदों में चार चौके और एक छक्का जमा कर जीत को और आसान कर दिया। आस्ट्रेलिया का एकमात्र विकेट देविका वैद्य को मिला।

इससे पहले भारत की ओर से शैफाली वर्मा ने आक्रामक ढंग से पारी की शुरूआत की और मात्र दस गेंदों की पारी में दो चौके और दो छक्के की सहायता से 21 रन ठोक दिये। हालांकि नियमति अंतराल में विकेट गिरने से भारत की रन गति तेज रफ्तार नहीं पकड़ सकी और एक समय भारत के पांच विकेट 132 रन पर गिर चुके थे मगर आखिरी 19 गेंदों पर देविका वैद्य (25 नाबाद) और दीप्ति शर्मा (36 नाबाद ) की जोड़ी ने 40 रन जोड़ कर लक्ष्य को चुनौती पूर्ण बनाने की भरसक कोशिश की।

# कतर में विश्व कप कवरेज के दौरान अमेरिका के पत्रकार की मौत

**दोहा ।** अमेरिका के पत्रकार ग्रांट वाहल का कतर में फीफा फुटबाल विश्व कप में कवरेज के दौरान निधन हो गया है। यूएस सॉकर ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर एक बयान में कहा, पूरे यूएस सॉकर परिवार को यह जानकर दुख हुआ है कि हमने ग्रांट वाहल को खो दिया है। ग्रांट ने फुटबॉल को अपना जीवन लिया और उनका शानदार लेखन अब हमारे साथ नहीं रहेगा। यूएस सॉकर ने वाहल के जुनून और खेल में विश्वास की प्रशंसा की और उनकी पत्नी सेलीन गाउंडर और उनके प्रियजनों के साथ अपनी संवेदना साझा की। गाउंडर ने यूएस सॉकर के बयान को ट्विटर पर पोस्ट किया और लिखा: मैं अपने पति ग्रांट वाहल के फुटबॉल परिवार और इतने सारे दोस्तों के समर्थन के लिए बहुत आभारी हूं, मैं पूरी तरह सदमे में हूं।

उनकी वेबसाइट के अनुसार वाहल ने पहले स्पोर्ट्स इलस्ट्रेटेड के लिए फुटबॉल को कवर किया था, जिसमें 11 विश्व कप शामिल थे और खेल पर दो किताबें लिखीं।

# भारत ने नवंबर में लगातार दूसरे महीने रूस से सबसे ज्यादा कच्चा तेल खरीदा



**नई दिल्ली।** रूस नवंबर में लगातार दूसरे महीने भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता रहा है। ऊर्जा की खेप पर निगरानी रखने वाली कंपनी वॉर्टेक्सा के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।आंकड़ों से पता चलता है कि रूस ने भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति के मामले में इराक और सऊदी अरब जैसे परंपरागत आपूर्तिकर्ताओं को पीछे छोड़ दिया है।रूस का 31 मार्च, 2022 को समाप्त साल में भारत के सभी तेल आयात में सिर्फ 0.2 प्रतिशत हिस्सा था। नवंबर में उसने भारत को 9,09,403 बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) कच्चे तेल की आपूर्ति की।

यह भारत के तेल आयात 20 प्रतिशत से अधिक बैठता है।ऊर्जा आसूचना कंपनी वॉर्टेक्सा के अनुसार, भारत ने नवंबर में इराक से 8,61,461 बीपीडी और सऊदी अरब से 5,70,922 बीपीडी तेल का आयात किया। अमेरिका 4,05,525 बीपीडी के साथ भारत का चौथा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता रहा ।नवंबर में रूस से भारत का आयात मात्रा के लिहाज से अक्टूबर से कम था। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पश्चिमी देशों ने उसपर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं। उसके बाद से भारत लगातार रियायती दरों पर रूसी कच्चे तेल की खरीद कर रहा है।

आंकड़ों के अनुसार, भारत ने दिसंबर, 2021 में रूस से सिर्फ 36,255 बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का आयात किया था। इस अवधि में इराक से 10.5 लाख बैरल प्रतिदिन और सऊदी अरब से 9,52,625 बैरल प्रतिदिन का आयात किया गया था। अगले दो महीनों में रूस से कोई आयात नहीं हुआ, लेकिन फरवरी के अंत में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के तुरंत बाद मार्च से रूस से कच्चे तेल की खरीद फिर शुरू हो गई।मार्च में भारत ने रूस से 68,600 बीपीडी कच्चे तेल का आयात किया। जबकि अगले महीने यह बढक़र 2,66,617 बीपीडी हो गया और जून में 9,42,694 बीपीडी पर पहुंच गया। लेकिन जून में, इराक 10.4 लाख बैरल प्रतिदिन के साथ भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता था।

# नवंबर में बिजली की कमी घटकर 0.2 प्रतिशत पर, अप्रैल में दो प्रतिशत थी



**नई दिल्ली।** देश में बिजली की कमी (बिजली की जरूरत और आपूर्ति का अंतर) इस साल नवंबर में घटकर 0.2 प्रतिशत रह गई है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इस साल अप्रैल में बिजली की कमी दो प्रतिशत थी।हालांकि, पिछले महीने की तुलना में नवंबर में बिजली की जरूरत और आपूर्ति का अंतर बढ़ा है। अक्टूबर में बिजली की कमी 0.1 प्रतिशत (12.4 करोड़ यूनिट) थी। नवंबर, 2021 में बिजली की कमी 0.2 प्रतिशत (23.3 करोड़) यूनिट रही थी।आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल अप्रैल में बिजली की कमी 275.2 करोड़ यूनिट थी, जो नवंबर में घटकर 19.9 करोड़ यूनिट रह गई।मई में बिजली की कमी 60.9 करोड़ यूनिट (0.4 प्रतिशत), जून में 79.6 करोड़ यूनिट (0.6 प्रतिशत), जुलाई में 43.4 करोड़ यूनिट (0.3 प्रतिशत), अगस्त में 46.5 करोड़ यूनिट (0.4 प्रतिशत) और सितंबर में 31.2 करोड़ यूनिट (0.2 प्रतिशत) थी।

चालू वित्त वर्ष के पहले आठ माह अप्रैल-नवंबर में बिजली की कमी बढक़र 0.6 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह पिछले साल की समान अवधि में 0.4 प्रतिशत थी। इस अवधि में बिजली की कमी 569.1 करोड़ यूनिट रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 405.8 करोड़ यूनिट थी।पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में बिजली की कमी 578.7 करोड़ यूनिट या 0.4 प्रतिशत रही थी।केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह ने हाल में लोकसभा को एक लिखित जवाब में बताया था कि 215 गीगावॉट की अधिकतम बिजली की मांग की तुलना में 408.7 गीगावॉट की क्षमता स्थापित की जा चुकी है। 25,580 मेगावॉट की ताप बिजली क्षमता और 76,130 मेगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित के चरण में है।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.67 लाख करोड़ रुपए घटा



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,67,602.73 करोड़ रुपये की गिरावट आई. सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही. बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 686.83 अंक या 1.09 प्रतिशत के नुकसान में रहा. सप्ताह के दौरान जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई, वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, अडाणी एंटरप्राइजेज, एसबीआई और एचडीएफसी के मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई. समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 76,821.01 करोड़ रुपये घटकर 17,65,173.47 करोड़ रुपये रह गया. टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 53,641.69 करोड़ रुपये के नुकसान से 12,04,797.55 करोड़ रुपये रहा.

इन्फोसिस की बाजार हैसियत 29,330.33 करोड़ रुपये घटकर 6,60,184.76 करोड़ रुपये रह गई. भारती एयरटेल का मूल्यांकन 7,705.08 करोड़ रुपये टूटकर 4,64,529.84 करोड़ रुपये रह गया. आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 104.62 करोड़ रुपये के नुकसान से 6,49,102.84 करोड़ रुपये रह गई. इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 24,882.17 करोड़ रुपये बढक़र 6,39,370.77 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 13,493.73 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 9,09,600.11 करोड़ रुपये तथा अडाणी एंटरप्राइजेज का 8,475.91 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 4,55,521.65 करोड़ रुपये रहा.

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 7,942.90 करोड़ रुपये बढक़र 5,50,157.69 करोड़ रुपये पर पहुंच गई. एचडीएफसी का मूल्यांकन 1,129.55 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 4,86,755.77 करोड़ रुपये रहा. शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही. उसके बाद क्रमश: टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एसबीआई, एचडीएफसी, भारती एयरटेल और अडाणी एंटरप्राइजेज का स्थान रहा.

# पुष्पा: द रूल की शूटिंग शुरू, 17 दिसंबर को आएगी पहली झलक



साउथ फिल्म पुष्पा: द राइज के बाद अब दर्शक फिल्म के दूसरे पार्ट पुष्पा: द रूल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो तेलुगू सुपरस्टार अल्लू अर्जुन जल्द ही इसके दूसरे पार्ट की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। रिपोर्ट्स में बताया गया है कि फिल्म के निर्देशक सुकुमार 12 दिसंबर से पुष्पा: द रूल पर फिर से काम शुरू कर देंगे।

टीम ने पिछले महीने अल्लू अर्जुन के साथ कुछ सीन्स शूट किए थे, जिसकी कुछ झलकियां पुष्पा: द राइज के एक साल पूरे होने पर यानी 17 दिसंबर को सोशल मीडिया पर साझा की जाएंगी। वहीं फिल्म की रिलीज डेट की बात करें तो पुष्पा का दूसरा पार्ट साल 2024 में आएगा। कहा जा रहा है कि दूसरे पार्ट को पहले पार्ट से भी बेहतर बनाने के लिए निर्देशक पूरा समय लेना चाहते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, पुष्पा: द रूल के निर्देशक फिल्म में राम चरण का धमाकेदार कैमियो प्लान कर रहे हैं। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि निर्देशक फिल्म में राम की एंट्री अपनी पिछली फिल्म रंगास्थलम के किरदार चिट्टी बाबू के जरिए कराने की योजना बना रहे हैं। कहा जा रहा है कि बड़े पर्दे पर अल्लू और राम की जोड़ी के जरिए फिल्म निर्देशक अपना एक अलग यूनिवर्स रचने की कोशिश कर रहे हैं।

# गोविंदा नाम मेरा का डायलॉग प्रोमो जारी, मस्ती में दिखे विक्की कौशल



अभिनेता विक्की कौशल की फिल्म गोविंदा नाम मेरा 16 दिसंबर को सीधे डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। शशांक खैतान ने इस फिल्म का निर्देशन किया है, जबकि इसके निर्माण की जिम्मेदारी करण जौहर ने संभाली है। अब मेकर्स ने फिल्म का एक डायलॉग प्रोमो शेयर किया है, जिसमें विक्की मस्ती भरे अंदाज में दिखे हैं। इसमें विक्की के साथ-साथ फिल्म की मुख्य अभिनेत्रियां भूमि पेडऩेकर और कियारा आडवाणी नजर आई हैं।

डिज्नी+ हॉटस्टार के आधिकारिक यूट्यूब हैंडल पर फिल्म का प्रोमो रिलीज किया गया है। गोविंदा का किरदार निभा रहे विक्की किसी मामले को लेकर कोर्ट में खड़े नजर आए। फिर अगले सीन में उनकी पत्नी की भूमिका निभा रहीं भूमि की एंट्री होती है। वह गोविंदा को दो कप चाय बनाने का आदेश देती हुई नजर आईं।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपको व्यवसाय में लाभ होने के संयोग हैं। अगर आप अपनी घरेलू जिम्मेदारियों को अनदेखा करेंगे तो कुछ ऐसे लोग नाराज हो सकते हैं जो आपके साथ रहते हैं।

***वृष :*** मिला जुला समय रहेगा। आर्थिक तौर पर सुधार के चलते आप आसानी से काफी वक्त से लंबित बिल और उधार चुका सकेंगे। आपको आज अपनी वाणी पर संयम रखें। जरूरत से ज्यादा वक्त व पैसा मनोरंजन पर खर्च न करें।

***मिथुन :*** मन प्रसन्न मुद्रा मे रहेगा। परिवार में आवश्यक विषयों पर चर्चा होगी। माता का आरोग्य अच्छा रहेगा। धन संपत्ति-मान सम्मान के अधिकारी बनेंगे। जल्दबाजी में निवेश न करें। दिन के कार्यभार से कुछ थकान का अनुभव होगा।

***कर्क :*** व्यवसाय में बाधा उपस्थित होने की संभावना है। मानसिक दबाव के बावजूद आपकी सेहत अच्छी रहेगी। कार्यक्षेत्र के नज़रिए से आज का दिन आपका है। इसका भरपूर फायदा उठाएँ। आप पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप अपनी जमा-पूंजी पारम्परिक तौर पर निवेश करें।

***सिंह :*** आज आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से भरपूर प्रतिकूलता का अनुभव करेंगे। मन में उत्साह का संचार होगा, जिस वजह से दिनभर का समय आनंदपूर्वक बीतेगा। आज उच्च पदाधिकारी खुश होंगे। बाहर जाना हो सकता है।

***कन्या :*** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। लेन-देन में सावधानी बरतें। कानूनी मसले हल होंगे। किसी चिंता से मुक्ति मिलेगी। पत्नी एवं पुत्र की तरफ से लाभदायी समाचार मिलेंगे। मित्रों से हुई मुलाकात से आनंद मिलेगा।

***तुला :*** आज स्वजनों और स्नेहीजनों के साथ मतभेद खड़े होंगे, परिणामस्वरूप घर में विरोध का वातावरण उपस्थित होगा। आज के कार्य अधूरे रह सकते हैं। किसी कारणवश व्यय भी अधिक होगा।

***वृश्चिक :*** आज व्यापार अच्छा चलेगा। विवाद समाप्त होने से शांति एवं सुख बढ़ेगा। परोपकारी स्वभाव होने से दूसरों की मदद कर पाएंगे। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। सुखवृद्धि एवं पारिवारिक उन्नति होगी।।

***धनु :*** आज आपको अच्छे समाचार मिल सकते हैं। आर्थिक लाभ की संभावनाएं हैं। आज आपका पारिवारिक वातावरण आनंद व उल्लास से लबालब भरा रहेगा। तन में चेतना एवं स्फूर्ति का संचार होगा।

***मकर :*** आज आलस्य को त्यागकर कार्यों को समय पर करने से सफलता प्राप्त हो सकती है। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। सोच-समझकर व्यय करें। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में बाधाओं से मन अशांत रहेगा।

***कुंभ :*** आज का दिन आपके लिए बहुत शुभ है। आपका आज का दिन आनंद व उल्लास से भरा हुआ होगा व शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा होगा। आज के कार्य अधूरे रह सकते हैं। किसी कारणवश व्यय भी अधिक होगा।

***मीन :*** आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का सुनहरा अवसर है। रचनात्मक कार्य में मन लगेगा। शत्रु से सतर्क रहें। कर्मनिष्ठ होकर हाथ पर रखे काम को पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। आपका व्यवहार आज न्यायानुकूल रहेगा।

# आसान तरीके से घर पर बनाएं बाजार जैसा टोमेटो कैचअप



अक्सर आप पिज्जा, बर्गर आदि के साथ टोमेटो कैचअप खाते होंगे। लेकिन कई बार बाजार में मिलने वाले कैटअप का स्वाद आपको कुछ खास पसंद नहीं आता है। अगर आपको भी कैचअप खाना पसंद है, तो इस आसान विधि से इसे घर पर भी बना सकते हैं।

**सामग्री :**

- 1/2 किलो पके टमाटर
- एक बड़ा चम्मच सिरका
- 50 ग्राम शक्कर
- 1/2 चम्मच सोंठ पाउडर
- 1 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- काला नमक स्वादानुसार

**विधि :**

सबसे पहले टमाटर को काटकर एक बर्तन में पानी डालकर उबालने के लिए रख दें।

जब टमाटर अच्छे से पक जाएं तो गैस बंद कर दें।

अब एक छलनी की मदद से उबले टमाटर को मसलते हुए गाढ़ा रस अलग कर लें।

छलनी से छानने के बाद अगर टमाटर के कुछ टुकड़े बच रहे हैं तो उन्हें मिक्सर में पीस लें। अगर आप चाहें तो छलनी से छानने की जगह टमाटर के छिलके निकालकर सीधे मिक्सर में भी पीस सकते हैं।

अब टमाटर के गाढ़े रस को एक बर्तन में डालकर गैस पर मध्यम आंच पर रखें।

इसके बाद इसमें शक्कर, सोंठ, लाल मिर्च पाउडर और काला नमक डालकर अच्छे से मिलाएं।

जब यह प्यूरी सॉस की तरह गाढ़ी हो जाए तो गैस बंद कर दें।

अब सॉस ठंडा होने पर इसमें सिरका डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

तैयार है बाजार जैसा स्वादिष्ट टोमेटो सॉस। आप इसे दो हफ्ते तक स्टोर भी कर सकते हैं।


# शब्द सामर्थ्य- 278

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंतत:, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 277 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | र्दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |

# सू-दोकू- 278

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 277 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |